आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 13.05.2024

मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं परीक्षा के परिणाम घोषित किए।

2— लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के छियानवे निर्वाचन क्षेत्रों में आज मतदान हुआ।

3— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने आज इकतालीस लाख रूपए के चौदह इनामी माओवादियों को गिरफ्तार किया।

4— मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक—दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ अंधड़ चलने, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी।

सीबीएसई—परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि बारहवीं में कुल सत्यासी दशमलव नौ—आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह—पांच प्रतिशत अधिक है। चौबीस हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने पंच्यानवे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और एक लाख सोलह हजार से अधिक छात्रों ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार—शून्य प्रतिशत अधिक है।

वहीं, दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत तिरानवे दशमलव छह—शून्य रहा। जिसमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत चौरानवे दशमलव सात—पांच है, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत बयानवे दशमलव सात—एक है। परीक्षा परिणाम बोर्ड की डब्ल्यू.डब्ल्यू. डब्ल्यू. डॉट सीबीएसई रिजल्ट डॉट एनआईसी डॉट इन के साथ—साथ डिजीलॉकर और उमंग ऐप्स पर भी देखे जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों के अथक परिश्रम और उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता में परिवार और शिक्षकों के सहयोग के लिए उनकी सराहना की।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी सीबीएसई के दसवीं और बारहवीं परीक्षा के उत्तीर्ण छात्र—छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

लोकसभा—चौथा चरण

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के छियानवे निर्वाचन क्षेत्रों में आज मतदान हुआ। इनमें आंध्र प्रदेश की पच्चीस सीटें, तेलंगाना की सत्रह, उत्तरप्रदेश की तेरह, महाराष्ट्र की ग्यारह, मध्यप्रदेश तथा पश्चिम बंगाल की आठ—आठ, बिहार की पांच और झारखंड तथा ओडिशा की चार—चार सीटें शामिल हैं। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू—कश्मीर की एक सीट के लिए भी आज वोट डाले गए। मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित था।

माओवादी–गिरफ्तार/आत्समर्पण

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने आज इकतालीस लाख रूपए के चौदह इनामी माओवादियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और थाना गंगालूर की संयुक्त टीम गश्त पर मुतवेंडी– पीड़िया की ओर निकली थी। इसी दौरान मुतवेंडी के जंगल से विस्फोटक और माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ चौदह माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार माओवादियों में आठ–आठ लाख रूपए के दो इनामी माओवादी और पांच–पांच लाख रूपए के तीन इनामी माओवादी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गये माओवादी मिलिट्री कंपनी नम्बर दो और गंगालूर एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय थे। गिरफ्तार माओवादियों से चार टिफीन बम, दो कुकर बम, डेटोनेटर, कार्डेक्स वायर और जिलेटीन स्टिक बरामद किए गए हैं। इन माओवादियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले में आज दो माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप और पुलिस अधीक्षक गौरव राय की मौजूदगी में इन दोनों माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इन दोनों पर विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। इन दोनों माओवादियों को राज्य सराकर की पुनर्वास योजना के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

पीआईबी–आपराधिक कानून

पत्र सूचना कार्यालय द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों पर रायपुर के सिविल लाईन्स में कल चौदह मई को वार्तालाप का आयोजन किया जाएगा। इस वार्तालाप में पुलिस अधिकारी, पत्रकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल होंगे। गौरतलब है कि ये नये कानून पूरे देश में एक जुलाई से लागू होंगे।

महादेव सट्टा ऐप

राजधानी रायपुर के एक कारोबारी ने महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के मामले में आत्महत्या कर ली है। यह घटना सिविल लाईन्स थाना क्षेत्र की है। घटनास्थल से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कारोबारी ने महादेव सट्टा ऐप के लिए एक व्यक्ति को एक वर्ष पहले करीब दस लाख रूपए उधार देने और रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने की बात कही है। पुलिस द्वारा इस मामले की पड़ताल की जा रही है।

इस बीच, उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि महादेव सट्टा ऐप मामले में लगातार जांच की जा रही है। लोग इसमें पड़कर आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हुए हैं। राज्य सरकार इसको लेकर गंभीर है। पुलिस द्वारा इस मामले की लगातार जांच की जा रही है।

खैरागढ़–मंडीप खोल गुफा

खैरागढ़ जिले में स्थित मंडीप खोल गुफा आज श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोली गई। इस गुफा में भक्ति और प्रकृति का अनूठा संगम देखने को मिलता है। ऐसी मान्यता है कि यह गुफा भगवान शिव को समर्पित है। इसे विश्व की छठवीं और भारत की दूसरी सबसे बड़ी गुफा माना जाता है।

गौरतलब है कि छुईखदान विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरटोला के पास घने जंगलों के बीच मंडीप खोल गुफा स्थित है। इस गुफा को हर साल अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को एक दिन के लिए पर्यटकों के लिए खोला जाता है। इस गुफा को देखने छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी पहुंचते हैं।

एनएमडीसी कर्मचारी–हड़ताल

दंतेवाड़ा स्थित एनएमडीसी की किरंदुल और बचेली परियोजना के कर्मचारियों ने वेतन पुनरीक्षण की मांग को लेकर कल से हड़ताल शुरू कर दी है। इससे लौह अयस्क का उत्पादन और परिवहन प्रभावित हुआ है। कर्मचारियों ने टूल डाउन हड़ताल घोषित कर एनएमडीसी प्रबंधन से वेतन समझौते पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। कर्मचारी संगठन निजी कंपनी को काम देने के विरोध में हैं। साथ ही वेतन पुनरीक्षण की भी मांग कर रहे हैं।

''आयाम–ऊंची उड़ान का''–तिथि

जून माह में आयोजित यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के मद्देनजर अट्‌ठारह मई को प्रस्तावित मार्गदर्शी कार्यक्रम "आयाम – ऊंची उड़ान का" के आयोजन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित हो रहे युवाओं और उनके अभिभावकों ने आज रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के बाद ही कार्यशाला आयोजित करने का अनुरोध किया। कलेक्टर डॉक्टर सिंह ने कहा कि अब यह कार्यशाला यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के बाद जून के तृतीय सप्ताह में होगी। इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रमुखों और विषय विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

होम वोटिंग–सम्मानित

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने कलेक्टोरेट में लोक सभा चुनाव में पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएस के माध्यम से मतदान में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉक्टर सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि मतदान चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है। निर्वाचन आयोग द्वारा पच्यासी वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। मतदान दल के कर्मचारियों ने इस संबंध में अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन किया। इसके कारण बुजुर्गों–दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोटिंग में हिस्सा लिया।

दुर्घटना

कोरबा जिले के करतला थाना क्षेत्र में आज एक चलती कार में आग लग गई। इस दुर्घटना में कार चला रहे शिक्षक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक यह कार लुढ़खेता मोहल्ले से जब गुजर रही थी, तभी उसमें आग लग गई। मृतक रायगढ़ जिले के छाल थाना इलाके का रहने वाला था। कार में शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम उत्तरप्रदेश से दक्षिणी असम तक एक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं, पूर्वी झारखंड में ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा स्थित है। इसके असर से प्रदेश में बदली–बारिश की स्थिति बन रही है। आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने और हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, प्रदेश के अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट हुई है। राजनांदगांव जिले में आज हल्की बूंदाबांदी हुई। साथ ही दिन का तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

प्रदेश के कुछ संभागों में एक–दो स्थानों पर आज हल्की वर्षा हुई।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– बिलासपुर जिले के सरकंडा, मस्तूरी, कोटा, चकरभाठा, कोनी, सेंदरी, लोफंदी, कछार, निरतू और घुटकू में खनिज अधिकारियों द्वारा खनिज वाहनों की सघन जांच की गई। जिसके आधार पर अवैध परिवहन के बारह मामले दर्ज कर चौदह वाहन जब्त किए गए।

– राजनांदगांव की कोतवाली पुलिस ने फर्जी दस्तावेज से रजिस्ट्री के बाद जमीन को बेचकर फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में दो अन्य आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

– कोंडागांव के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मतदान के बाद ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था देखने शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाये गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने आज कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक लेकर अरपा नदी के संवर्धन के लिए अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली।

– जांजगीर–चाम्पा जिले की पामगढ़ पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मामले के दो अन्य आरोपी फरार है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>